दिनांक-30.11.2024

समय-7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में होंगे शामिल।**
- **मध्यप्रदेश और जर्मनी के शोधकर्ताओं के बीच सतपुड़ा क्षेत्र में पाए गए जीवाश्मों पर शोध के लिए हुआ समझौता।**
- **सांची में आज से दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का आयोजन, केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू करेंगे शुभारम्भ**
- **उत्तर की सर्द और पहाड़ों की तरफ से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश में ठंड और बढ़ी।**

**प्रधानमंत्री -महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। यह सम्मेलन देश में वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा से सम्बद्ध प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए मंच उपलब्ध कराता है। सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, आतंकवाद से निपटने, नए आपराधिक कानून और मादक पदार्थों की तस्करी सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।**

**मुख्यमंत्री नेचुरल हिस्ट्री समझौता**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टटगार्ट स्थित स्टेट म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री का अवलोकन किया। इस दौरान मध्यप्रदेश सरकार और जर्मनी के शोधकर्ताओं के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एमओयू से सतपुड़ा क्षेत्र में पाए गए ट्राइएसिक युग के जीवाश्मों पर संयुक्त शोध किया जा सकेगा। इससे भारतीय और जर्मन शोधकर्ता प्राचीन डाइनोसॉर और उनके समकालीन प्रजातियों के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने में मदद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह शोध विशेष रूप से उन पारिस्थितिकीय स्थितियों को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिनमें ये प्रजातियाँ पाई जाती थीं।**

**शिवराज रोजगार योजना**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत एक सौ 87 करोड़ से अधिक मानव-दिवस सृजित किए गए हैं। इससे चार करोड़ साठ लाख ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला है। श्री चौहान ने कहा कि योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 74 हजार 770 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

**सिंहस्थ तयारी**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सिंहस्थ व्यवस्था संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए अब तक सिंहस्थ के लिये स्वीकृत कार्यों की निविदाएं नियत समय में जारी करने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान लगाकर उनकी व्यवस्था और सुरक्षा के संबंध में प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2025 से वर्ष 2027 तक आगामी तीन वर्षो के प्रस्तावित सिंहस्थ संबंधी कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पर्यटन और संस्कृति विभाग सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**चीता कोरिडोर बैठक**

मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य-जीव प्रतिपालक की संयुक्त अध्यक्षता में अंतर्राज्यीय समिति की कल बैठक हुई। बैठक में चीता लैण्ड स्केप के प्रबंधन पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि बैठक में चीता के छोड़े जाने के लिये एसओपी और दोनों राज्यों के मध्य एमओयू के बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

**महाबोधि महोत्सव**

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची में आज से दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय अल्पसंख्यक तथा संसदीय कार्य विभाग मंत्री किरेन रिजिजू बुद्ध जम्बूदीप पार्क में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वे कल सुबह 8 बजे बजे चैत्यगिरी विहार सॉची में भगवान बुद्ध के शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों के पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। महोत्सव में आने वाले अनुयायियों व पर्यटकों को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के बौद्ध पर्यटन गंतव्यों से अवगत कराएगा।

रतलाम आयुष्मान

रतलाम में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की प्रगति की दैनिक मॉनिटरिंग की जा रही है। योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक हितग्राही को 5 लाख रुपए तक का निशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जायेगा ।

*रतलाम में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की प्रगति की दैनिक मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई गांवों और शहरी इलाकों में शिविर लगाकर बुजुर्गों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक शहरी आशा कार्यकर्ता एएनएम आदि से संपर्क कर आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनवा सकते हैं।*

आलमी तब्लीगी इज्तिमा

चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आज दूसरा दिन है। इसकी शुरुआत कल सुबह फजिर की नमाज के साथ हुई। इसके बाद तकरीर की शुरुआत हुई। इज्तिमा कमेटी के मुताबिक इस बार 27 देशों के जमाती शिरकत कर रहे हैं। देशभर से करीब 1400 जमातें पहले दिन यहां पहुंचीं। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और बस स्टैंड से आने वाली जमातों के लिए इज्तिमा कमेटी ने 1,000 बसों का इंतजाम किया है। इस दौरान ट्रैफिक संभालने के लिए पुलिस बल के साथ 8 हजार वॉलेंटियर तैनात रहे। पहले दिन 350 जोड़ों का निकाह हुआ।

## मौसम

उत्तर की सर्द और पहाड़ों की तरफ से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश में ठंड और बढ़ गई है। अभी एक-दो दिन और तेज ठंड पड़ने की संभावना है। भोपाल में रात का तापमान 2 डिग्री लुढ़ककर 8 दशमलव 2 डिग्री पर आ गया। यह सामान्य से 5 दशमलव 8 डिग्री कम रहा। भोपाल कल देश में 24वां सबसे ठंडा शहर रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मंडला सबसे ठंडा रहा। वहां तापमान 6 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया।

## पुलिस पुरस्कार

कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के पुलिस ऑफिसर्स मेस में कल के.एफ.रूस्तम जी पुरस्कार तथा डायरेक्टर जनरल्स कमंडेशन रोल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीपी सुधीर सक्सेना ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 142 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र और डिस्क देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य पथ पर अडिग रहते हर प्रकार की चुनौतियों से लोहा लेते हुए अपराध पर नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से जनसेवा की मिसाल कायम की है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा में मशाल यात्रा जुलूस में अनुमति की शर्तो का उल्लंघन करने, ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग और लापरवाही पर आयोजकों के विरूध्द मामला दर्ज किया गया है. इस घटना में करीब तीन दर्जन लोग झुलस गए थे।
- अक्रोपोलिस फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंदौर में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत महिला सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया।
- छिन्दवाडा में दिव्यांगजनों के रेल्वे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिये आज छिन्दवाडा रेल्वे स्टेशन परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

- **सिंगरौली के शासकीय राजनारयण स्मृति महाविद्यालय बैढ़न में रेडक्रास ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 43 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।**
- **आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कल एक कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा केरियर के विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गयी।**
- **डिंडौरी जिले में उद्योग संभावना एवं उद्योग विकास के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिले में औद्योगिक विकास के लिए संभावनाओं की तलाश और क्षेत्र के अनुसार उद्योग स्थापना के लिए रणनीति बनाने के लिए किया गया।**
- **मुरैना में शासकीय कलापथक दल द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल छौंदा में बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशे के कारण मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताया गया ।**

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में होंगे शामिल।**
- **मध्यप्रदेश और जर्मनी के शोधकर्ताओं के बीच सतपुड़ा क्षेत्र में पाए गए जीवाश्मों पर शोध के लिए हुआ समझौता।**
- **सांची में आज से दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का आयोजन, केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू करेंगे शुभारम्भ**

**और**

- **उत्तर की सर्द और पहाड़ों की तरफ से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश में ठंड और बढ़ी।**

....................................